**संख्या- 24/328/24-1-14-4182/2012**

प्रेषक:

सुरेश कुमार शर्मा,
संयुक्त सचिव,
उ0प्र0 शासन।

सेवा में,

प्रबन्ध निदेशक,
उ0प्र0 पावर कारपोरेशन लि0,
शक्ति भवन, लखनऊ।

ऊर्जा अनुभाग-1 लखनऊ : दिनांक 24 मार्च, 2014

विषयः- डा0 राम मनोहर लोहिया समग्र ग्राम विकास योजनान्तर्गत ग्रामों का विद्वुतीकरण हेतु वित्तीय वर्ष 2013-14 में उत्तर प्रदेश पावर कारपोरेशन लि0 को वित्तीय स्वीकृति के संबंध में।

महोदय,

उपर्युक्त विषयक निदेशक वितरण, उत्तर प्रदेश पावर कारपोरेशन लि0 के पत्र संख्या-24/म0प्र0(वित्त)/वि0प्र0-2/समग्र ग्राम विकास योजना/247/2013, दिनांक 03.02.2014 के संदर्भ में मुझे यह कहने का निदेश हुआ है कि वर्तमान वित्तीय वर्ष 2013-14 में डा0 राम मनोहर लोहिया समग्र ग्राम विकास योजनान्तर्गत ग्रामीण विद्वुतीकरण हेतु उ0प्र0 पावर कारपोरेशन लि0 को प्राविधानित धनराशि रूपये 1,88,00,00,000/- (रूपये एक अरब अट्ठासी करोड़ मात्र) में से शासनादेश दिनांक 19.06.2013 द्वारा रूपये 94,00,00,000/- (रूपये चौरान्नवें करोड़ मात्र) की स्वीकृत प्रदान की गयी थी। अब अवशेष धनराशि रूपये 94,00,00,000/- (रूपये चौरान्नबें करोड़ मात्र) की श्री राज्यपाल सहर्ष वित्तीय स्वीकृत प्रदान करते है।

2- प्रस्तर-1 में स्वीकृत धनराशि का आहरण माह मार्च, 2014 में किया जायेगा।

3- प्रस्तर-1 में स्वीकृत धनराशि का आहरण वास्तविक आवश्यकता होने पर ही किया जायेगा।

4- प्रस्तर-1 में स्वीकृत धनराशि के आहरण हेतु कारपोरेशन के सक्षम प्राधिकारी द्वारा वित्तीय नियम संग्रह खण्ड-5 भाग-1 के प्रपत्र संख्या-42 जी/शुद्ध पत्र संख्या-426 दिनांक 13 जुलाई, 1971 द्वारा निर्धारित प्रपत्र पर बिल बनाकर प्रतिहस्ताक्षर हेतु ऊर्जा अनुभाग-1, उत्तर प्रदेश शासन को उपलब्ध कराया जायेगा।

5- प्रस्तर-1 में स्वीकृत धनराशि के सापेक्ष समय-समय पर व्यय की धनराशि का सम्पूर्ण विवरण यथा कोषागार का नाम जहाँ से धनराशि आहरित की गयी है, बाउचर संख्या, आहरण की तिथि, लेखाशीर्षक आदि तथा आहरित धनराशि के संबंध में उपयोगिता प्रमाण-पत्र महालेखाकार, उत्तर प्रदेश लखनऊ/ इलाहाबाद और ऊर्जा विभाग, उत्तर प्रदेश शासन को नियमानुसार उपलब्ध कराने की बाध्यता होगी।

6- इस शासनादेश में निर्धारित विशिष्ट शर्तों का अनुपालन निदेशक (वित्त) उ0प्र0 पावर कारपोरेशन लि0 द्वारा सुनिश्चित किया जायेगा।

http://shasanadesh.up.nic.in

7- उ0प्र0 पावर कारपोरेशन लि0 द्वारा समस्त विद्युत वितरण निगमों से डा0 राम मनोहर लोहिया समग्र ग्राम विकास योजना (सामान्य योजना) से आच्छादित ग्रामों के नामों की जनपदवार सूची प्राप्तकर ऊर्जा विभाग एवं समग्र ग्राम विकास विभाग को उपलब्ध करायी जायेगी, ताकि उन ग्रामों में कराये जाने वाले कार्यों का सत्यापन संबंधित जनपदों के जिलाधिकारी द्वारा किया जा सके।

8- इस संबंध में होने वाला व्यय वित्तीय वर्ष 2013-14 के अनुदान संख्या-09 के लेखाशीर्षक "4801-बिजली परियोजनाओं पर पूंजीगत परिव्यय-आयोजनागत-06-ग्रामीण विद्युतीकरण-190-सार्वजनिक क्षेत्र के तथा अन्य उपक्रमों में निवेश 04-समग्र ग्राम विकास योजनान्तर्गत् ग्रामों का विद्युतीकरण-30-निवेश/ऋण" के नामे डाला जायेगा।

9- यह आदेश वित्त विभाग के अशासकीय संख्या-ई-10-यू0ओ0-31/दस-2014, दिनांक 04 मार्च, 2014 में प्राप्त उनकी सहमति से जारी किये जा रहें।

भवदीय,

(सुरेश कुमार शर्मा)
संयुक्त सचिव।

**<u>संख्या- 24/328(1)/24-1-14, तददिनांक</u>**।

प्रतिलिपि निम्नलिखित को सूचनार्थ एवं आवश्यक कार्यवाही हेतु प्रेषित:-

1- महालेखाकार, (लेखा एव हकदारी) प्रथम, उ0प्र0 सरोजनी नायडू मार्ग, इलाहाबाद 211001।
2- महालेखाकार, (आर्थिक एवं राजस्व लेखा परीक्षा), उ0प्र0, छठवां तल केन्द्रीय भवन, सेक्टर-एच, अलीगंज लखनऊ।
3- कोषाधिकारी, लखनऊ।
4- वित्त (व्यय-नियंत्रण) अनुभाग-10/वित्त (आय-व्ययक) अनुभाग-4/राज्य योजना आयोग-1
5- गार्ड फाईल।

आज्ञा से,

(सुरेश कुमार शर्मा)
संयुक्त सचिव।

http://shasanadesh.up.nic.in